विषय कोड : **201**
Subject Code :

प्रश्न पत्र सेट कोड
Question Paper Set Code
**D**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
## 2020 – (ANNUAL)
## HINDI (MT)
## मातृभाषा हिन्दी

201-

कुल प्रश्नों की संख्या : 60 + 6 = 66
**Total No. of Questions : 60 + 6 = 66**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20
**Total No. of Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :*

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द-सीमा का ध्यान रखें ।
4. इस प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।
6. **खण्ड-अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।** इनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना है। यदि कोई परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जाएगा । प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही वृत्त को नीले / काले बॉल पेन से भरें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. खण्ड-ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें । $50 \times 1 = 50$

1. 'निराला की साहित्य साधना' के रचनाकार हैं

   (A) रघुवीर सहाय (B) अज्ञेय

   (C) जायसी (D) राम विलास शर्मा

2. 'रामायण' की रचना किस भाषा में है ?

   (A) संस्कृत (B) हिन्दी

   (C) उर्दू (D) अंग्रेजी

3. अमरकान्त लिखित कहानी का नाम है

   (A) ईदगाह (B) ठेस

   (C) मछली (D) बहादुर

4. बहादुर का बाप कहाँ मारा गया था ?

   (A) युद्ध में (B) डकैती में

   (C) चोरी में (D) चरवाही में



BiharboardQuestionpaper.com

5. द्विवेदीजी से किसने पूछा था – नाखून क्यों बढ़ते हैं ?

(A) लड़के ने
(B) लड़की ने
(C) पत्नी ने
(D) नौकर ने

6. टेबुल पर किताब है । यहाँ 'पर' किस कारक का चिह्न है ?

(A) करण
(B) अपादान
(C) सम्प्रदान
(D) अधिकरण

7. मैदान में सभा हो रही है । यहाँ 'सभा' कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक
(B) समूहवाचक
(C) जातिवाचक
(D) व्यक्तिवाचक

8. 'चंचला' किस शब्द का पर्यायवाची शब्द है ?

(A) सरस्वती
(B) दुर्गा
(C) लक्ष्मी
(D) सावित्री

9. 'होश' शब्द का प्रयोग सदैव होता है biharboardquestionpaper.com

(A) एकवचन
(B) बहुवचन
(C) द्विवचन
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

10. जिस शब्द का रूप कभी नहीं बदलता है, उसे कहते हैं

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) अव्यय

11. "आइ वांट दैट गर्ल एडमिटेड नाउ" किसने कहा ?

(A) छोटे डॉक्टर (B) बड़े डॉक्टर

(C) प्रशिक्षु डॉक्टर (D) नर्स

12. 'नगर' शीर्षक कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) सुजाता (B) सॉयर दइया

(C) श्रीनिवास (D) सातकोड़ी होता

13. 'तीन बेटे ............ दो वक्त की रोटी ............ एक माँ ।' किस कहानी की पंक्ति है ?

(A) माँ (B) नगर

(C) ढहते विश्वास (D) धरती कब तक घूमेगी

14. 'नंजम्मा' मंगम्मा की कौन थी ?

(A) बेटी (B) मौसी

(C) बहू (D) सौतीन



BiharboardQuestionpaper.com

15. निम्नांकित में कौन शब्द शुद्ध है ?

(A) देवनागरी
(B) देवीनागरी
(C) देवेनागरी
(D) देवनागरि

16. 'हलकारे' का अर्थ होता है

(A) कलाकार
(B) संदेशवाहक
(C) हल जोतने वाला
(D) गायक

17. 'संधि' का भेद नहीं है

(A) स्वर संधि
(B) व्यंजन संधि
(C) विसर्ग संधि
(D) संज्ञा संधि

18. 'ई' वर्ण है

(A) ह्रस्व स्वर
(B) दीर्घ स्वर
(C) अन्तस्थ व्यंजन
(D) ऊष्म व्यंजन

19. 'उच्चारण' का सही संधि-विच्छेद है

(A) उत + चारण
(B) उत् + चारण
(C) उच्च + रण
(D) उचा + रण

20. 'सात्विक' का विपरीतार्थक शब्द है

(A) सत्यवादी
(B) सत्कर्म
(C) तामसिक
(D) साहित्य



BiharboardQuestionpaper.com

21. मछली के लिए मसाला कौन पीस रही थी ?

(A) दादी
(B) नानी
(C) दीदी
(D) माँ

22. बिस्मिल्ला खाँ के बचपन का नाम था

(A) नसरुद्दीन
(B) अमीरुद्दीन
(C) समसुद्दीन
(D) अमीरुद्दीन

23. 'सुजान रसखान' किनकी रचना है ?

(A) सुजान की
(B) रसखान की
(C) मियाजान की
(D) नसीर की

24. बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई के साथ किस मुस्लिम पर्व का नाम जुड़ा है ?

(A) ईद
(B) बकरीद
(C) मुहर्रम
(D) मिलाद

25. काशी किसकी पाठशाला है ?

(A) संस्कृति की
(B) नृत्य की
(C) नर्त्तन की
(D) वादन की



BiharboardQuestionpaper.com

26. 'लौटकर आऊँगा फिर' पाठ के कवि कहाँ लौटने की बात कहते हैं ?

(A) बिहार में
(B) असम में
(C) उड़ीसा में
(D) बंगाल में

27. 'आदर्श समाज स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व पर आधारित होगा' किसने कहा ?

(A) मैक्स मूलर
(B) भीमराव अम्बेदकर
(C) बिरजू महाराज
(D) अज्ञेय

28. सीमा, रजनी, आलो, शेफाली, आरती – पाँचों किसकी बहनें थीं ?

(A) मदन की
(B) खोखा की
(C) लेखक की
(D) सेन साहब की

29. प्लेटो और कान्ट थे महान

(A) वीर
(B) दार्शनिक
(C) नाविक
(D) सैनिक

30. तमिल, मलयालम, तेलगु, कन्नड़ भाषाएँ हैं

(A) उत्तर भारत की
(B) पश्चिम भारत की
(C) पूर्वी भारत की
(D) दक्षिण भारत की



BiharboardQuestionpaper.com

31. 'नागरी लिपि' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) साक्षात्कार
(B) निबंध
(C) भाषण
(D) कहानी

32. 'स्वदेशी' शीर्षक पाठ के रचनाकार हैं

(A) रामधन
(B) मालधनी
(C) श्यामधन
(D) प्रेमधन

33. 'रेनर मारिया रिल्के' किस भाषा के कवि हैं ?

(A) जर्मन
(B) ब्रिटिश
(C) फ्रांसीसी
(D) चीनी

34. 'जित-जित मैं निरखत हूँ' पाठ साहित्य की विधा है

(A) कहानी
(B) रिपोर्ताज
(C) साक्षात्कार
(D) भाषण

35. शम्भू महाराज बिरजू महाराज के कौन थे ?

(A) मौसा
(B) भाई
(C) चाचा
(D) पिता



BiharboardQuestionpaper.com

36. बहादुर से मार खाकर भैंस भागी-भागी किसके पास चली आई ?

(A) बहन के
(B) माँ के
(C) नानी के
(D) चाची के

37. निबंध के लेखक हैं

(A) गुणाकार मुले
(B) अज्ञेय
(C) पंत
(D) प्रसाद

38. 'तार सप्तक' के सम्पादक थे प्रयोगवादी कवि

(A) सूरदास
(B) केशवदास
(C) तुलसीदास
(D) अज्ञेय

39. हिरोशिमा किस देश में है ?

(A) श्रीलंका
(B) भूटान
(C) जापान
(D) नेपाल

40. "दूर से ही ललकारता," कौन ? मैं जवाब देता, "दोस्त" ! पंक्ति किस पाठ से है ?

(A) एक वृक्ष की हत्या
(B) स्वदेशी
(C) भारतमाता
(D) हमारी नींद



BiharboardQuestionpaper.com

41. कुमार गन्धर्व क्या हैं ?

(A) कथाकार
(B) गीतकार
(C) शास्त्रीय गायक
(D) चित्रकार

42. 'रोन' नदी के किनारे बसे शहर का नाम है

(A) लंदन
(B) लाहौर
(C) आविन्यो
(D) लखनऊ

43. दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर मिला ?

(A) हुंकार
(B) रश्मिरथी
(C) द्वन्द्व गीत
(D) उर्वशी

44. प्रत्येक वर्ष आविन्यो में कैसा समारोह आयोजित होता है ?

(A) रंग-समारोह
(B) धार्मिक
(C) विश्वकप
(D) राष्ट्रमंडल खेल

45. विनोद कुमार शुक्ल किस कृषि विश्वविद्यालय में ऐसोसिएट प्रोफेसर थे ?

(A) संजय गाँधी
(B) राजीव गाँधी
(C) इंदिरा गाँधी
(D) फिरोज गाँधी



BiharboardQuestionpaper.com

46. 'उसने कहा कि मैं कल पटना जाऊँगा ।' कैसा वाक्य है ?

(A) सरल वाक्य
(B) मिश्र वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य
(D) निरर्थक वाक्य

47. निम्न में से कौन पदबंध का भेद नहीं है ?

(A) संज्ञा पदबंध
(B) विशेषण पदबंध
(C) क्रियाविशेषण पदबंध
(D) कर्म पदबंध

48. जिस समास में दोनों पदों की प्रधानता होती है, उसे कहते हैं

(A) द्विगु
(B) द्वन्द्व
(C) नञ्
(D) तत्पुरुष

49. 'द' का उच्चारण स्थान है

(A) कंठ
(B) तालु
(C) दन्त
(D) मूर्द्धा

50. व्यंजनों के अन्त में ( ् ) हलन्त लगने पर उसका मान होता है

(A) आधा
(B) चौथाई
(C) तिहाई
(D) सम्पूर्ण



BiharboardQuestionpaper.com

51. कौन चाहते थे कि सभी देशों की संस्कृति की हवा उनके घर के पास बहती रहे ?

(A) राजेन्द्र प्रसाद
(B) नेहरू
(C) महात्मा गाँधी
(D) सरदार पटेल

52. गुरु नानक का जन्म लाहौर के किस ग्राम में हुआ था ?

(A) तलवंडी
(B) अमृतसर
(C) जालंधर
(D) लुधियाना

53. 'मछली' शीर्षक कहानी में दीदी के प्रेमी का क्या नाम था ?

(A) संतु
(B) महेन्द्र
(C) भग्गू
(D) नरेन

54. शेक्सपीयर किस भाषा के कवि हैं ?

(A) जर्मन
(B) संस्कृत
(C) ग्रीक
(D) अंग्रेजी

55. रसूलनबाई थी

(A) कवयित्री
(B) कथा वाचिका
(C) गायिका
(D) नर्तकी



BiharboardQuestionpaper.com

56. 'मो अँसुवानिहिं लै बरसौ' कौन कहता है ?

(A) रसखान
(B) गुरु नानक
(C) घनानंद
(D) दिनकर

57. "क्यों री राक्षसी, इस छोटे से बच्चे को क्यों पीट रही है ?" किसने कहा ?

(A) मंगम्मा ने
(B) पप्पाति ने
(C) लक्ष्मी ने
(D) सीता ने

58. लक्ष्मी का पति कौन था ?

(A) लक्ष्मण
(B) रंगप्पा
(C) रामेश्वर
(D) राम रतन

59. ईश्वर पेटलीकर किस भाषा के कथाकार हैं?

(A) मलयालम
(B) मराठी
(C) गुजराती
(D) भोजपुरी

60. एस० रंगराजन वास्तविक नाम है

(A) सॉवर दइया का
(B) सुजाता का
(C) श्रीनिवास का
(D) घनानंद का



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है । 5 × 2 = 10

(क) सोना की आज अचानक स्मृति हो आने का कारण है । मेरे परिचित स्वर्गीय डॉ० धीरेन्द्रनाथ वसु की पौत्री सुस्मिता ने लिखा है, "गत वर्ष अपने पड़ोसी से मुझे एक हिरन मिला था । बीते कुछ महीनों में हम उससे बहुत स्नेह करने लगे हैं, परन्तु अब मैं अनुभव करती हूँ कि सघन जंगल से संबद्ध रहने के कारण तथा अब बड़े हो जाने के कारण उसे घूमने के लिए अधिक विस्तृत स्थान चाहिए । कृपा करके आप उसे स्वीकार करेंगी ? सचमुच मैं आपकी बहुत आभारी रहूँगी, क्योंकि आप जानती हैं, मैं उसे ऐसे व्यक्ति को नहीं देना चाहती जो उससे बुरा व्यवहार करे, मेरा विश्वास है, आपके यहाँ उसकी भली भाँति देखभाल हो सकेगी ।"

(i) सुस्मिता किनकी पौत्री थी ?

(ii) सुस्मिता को किससे हिरन मिला ?

(iii) बीते कुछ महानों में सुस्मिता क्या करने लगी थी ?

(iv) विस्तृत स्थान किसके लिए चाहिए था ?

(v) "कृपा करके आप स्वीकार करेंगी ?" किसने किससे कहा ?



BiharboardQuestionpaper.com

(14) भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि कवि के रूप में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का नाम सदा अमर रहेगा । खड़ी बोली के उषाकाल में ही गुप्तजी की लेखनी का प्रसाद हिन्दी जगत को मिला और लगभग अर्द्ध शताब्दी तक उनकी लेखनी अनवरत काव्य रचना में व्यस्त रही । बुन्देलखण्ड के झाँसी जनपद में चिरगाँव नामक स्थान में एक वैश्य परिवार में सन् 1886 में जन्म लेकर इन्होंने अपना जीवन साहित्य सर्जन में ही लगाया । सन् 1964 में इनका देहान्त हुआ । गुप्तजी वस्तुतः आधुनिक काल के कवियों के कवि-गुरु हैं । इनकी अमर कृति 'भारत भारती' जब सन् 1912 में प्रकाशित हुई तो समस्त देश में राष्ट्रीय भावना की लहर सी फैल गई थी । 'रामचरित मानस' के पश्चात् राम भक्ति काव्य में ऐसी लोकप्रियता किसी अन्य रचना को नहीं मिली, जितनी गुप्तजी की कृति साकेत को ।

biharboardquestionpaper.com

(i) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का नाम किस रूप में अमर रहेगा ?

(ii) गुप्तजी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(iii) गुप्तजी का जन्म कब हुआ और मृत्यु कब हुई ?

(iv) गुप्तजी वस्तुतः क्या हैं ?

(v) 'भारत भारती' कब प्रकाशित हुई ?



BiharboardQuestionpaper.com

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है । 5 × 2 = 10

(क) वीर कुंवर सिंह का जन्म भोजपुर ( आरा ) जिला के जगदीशपुर गाँव में सन् 1782 ई० में हुआ था । इनके पिता का नाम साहबजादा सिंह तथा माता का नाम पंचरतन कुँवर था । उनके पिता जगदीशपुर रियासत के जमींदार थे । कुंवर सिंह की शिक्षा की व्यवस्था उनके पिता ने घर पर ही की थी जहाँ उन्होंने संस्कृत के अलावा फारसी भी सीखी, परन्तु बाबू कुंवर सिंह का मन घुड़सवारी, तलवारबाजी और कुश्ती लड़ने में लगता था । बाबू कुंवर सिंह ने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् 1827 ई० में अपनी रियासत की जिम्मेदारी सम्भाली, । उन दिनों ब्रिटिश हुकूमत का अत्याचार चरम पर था । इस अत्याचार का विरोध तथा इस व्यवस्था को बदलने का संकल्प बाबू कुंवर सिंह ने मन ही मन ले लिया और उस दिन की प्रतीक्षा करने लगे, जब उन्हें अंग्रेजों से लोहा लेने का सही वक्त मिलेगा ।

(i) वीर कुंवर सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(ii) इनके माता-पिता का क्या नाम था ?

(iii) इनके पिता किस रियासत के जमींदार थे ?

(iv) घर की शिक्षा व्यवस्था से इन्होंने कौन-कौन भाषाएँ सीखीं ?

(v) कुंवर सिंह का मन किस चीज में लगता था ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रवर्तक व युग निर्माता हैं । आधुनिक खड़ी बोली का परिष्कार इन्हीं के द्वारा हुआ । भारतेन्दु का जन्म सन् 1907 में काशी में तथा निधन सन् 1941 में हुआ । 35 वर्ष की अल्प आयु में ही इन्होंने हिन्दी की अविस्मरणीय सेवा की । सात वर्ष की उम्र से ही इन्होंने काव्य रचना प्रारम्भ की थी । भारतेन्दु की प्रतिभा चतुर्मुखी थी । कवि, नाटककार, निबंधकार, पत्रकार सभी रूपों में ये अद्वितीय हैं । नाटक व निबंध लेखक के रूप में ये आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य के जन्मदाता माने जाते हैं । इनके ग्रन्थों की संख्या डेढ़ सौ के लगभग है । 'भारत दुर्दशा', 'अंधेर नगरी', 'प्रेमयोगिनी' आदि नाटकों में इनकी राष्ट्रीय भावना पूरी तरह विकसित दिखाई पड़ती है । भारतेन्दु सचमुच हिन्दी के महासूर्य थे ।

(i) हिन्दी साहित्य के प्रवर्तक व युग निर्माता कौन थे ?

(ii) भारतेन्दु का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(iii) इन्होंने कब से काव्य रचना प्रारम्भ की ?

(iv) भारतेन्दु की प्रतिभा चतुर्मुखी थी, कैसे ?

(v) भारतेन्दु किस रूप में हिन्दी के जन्मदाता माने जाते हैं ?



BiharboardQuestionpaper.com

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) जंगल

(i) भूमिका

(ii) जंगल का महत्व

(iii) जंगल से लाभ

(iv) जंगलों की अंधाधुंध कटाई से हानि

(v) उपसंहार ।

(ख) हमारे पड़ोसी

(i) भूमिका

(ii) सम्पन्न पड़ोसी

(iii) गरीब पड़ोसी

(iv) हमारा कर्तव्य

(v) उपसंहार ।

(ग) वसंत ऋतु

(i) भूमिका

(ii) वसंत ऋतु का महत्व

(iii) ऋतुओं का राजा

(iv) सदाबहार मौसम

(v) उपसंहार ।

(घ) प्रदूषण

(i) भूमिका

(ii) जल प्रदूषण

(iii) वायु प्रदूषण

(iv) ध्वनि प्रदूषण

(v) प्रदूषणों का निदान

(vi) उपसंहार ।



BiharboardQuestionpaper.com

(ङ) हमारा देश : भारतवर्ष

(i) भूमिका

(ii) महत्ता

(iii) बहुमुखी विकास

(iv) विदेशियों को सशक्त भारत का संदेश

(v) अनेकता में एकता

(vi) उपसंहार ।

4. दिल्ली में रहने वाली अपनी बड़ी दीदी के पास एक पत्र लिखें, जिसमें गाँव में आई बाढ़ की विभीषिका का वर्णन हो । 5

**अथवा**

दिवाली के पटाखों से ध्वनि एवं वायु प्रदूषण को केन्द्र में रख कर दो छात्राओं के बीच संवाद लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **20 - 30** शब्दों में दें : 5 × 2 = 10

(क) मनुष्य बार-बार नाखूनों को क्यों काटता है ?

(ख) लेखक को क्यों लगता है कि नौकर रखना बहुत जरूरी हो गया था ?

(ग) बिरजू महाराज के जीवन में सबसे दुखद समय कब आया ?

(घ) 'दिनकर' की दृष्टि में आज के देवता कौन हैं और वे कहाँ मिलेंगे ?

(ङ) हिरोशिमा में मनुष्य की साखी के रूप में क्या है ?

(च) कवि जीवनानंद दास अगले जीवन में क्या-क्या बनने की संभावना व्यक्त करते हैं और क्यों ?

(छ) मंगम्मा ने अपना 'धरम' नहीं छोड़ा, कैसे ?

(ज) सीता की स्थिति बच्चों के किस खेल से मिलती-जुलती थी ?



BiharboardQuestionpaper.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ( शब्द सीमा लगभग **100** ) :

1 × 5 = 5

(क) 'बिस्मिल्ला खाँ का मतलब – बिस्मिल्ला खाँ की शहनाई' एक कलाकार के रूप में बिस्मिल्ला खाँ का परिचय पठित पाठ के आधार पर दें ।

(ख) निम्न पंक्तियों का अर्थ लिखें :

या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर की तजि डारौं ।
आठहुँ सिद्धि नवोंनिधि को सुख नन्द की गाइं चराइ बिसारौं ।।
रसखानि कबों इन आँखिन सौं ब्रज के बनबाग तड़ाग निहारौं ।
कोटिक रौ कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं ।।

---

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com